# UNIVERSITY LAW ENTRANCE TEST (ULET) 2026

## DETAILED INFORMATION

### ABOUT THE TEST

The University Law Entrance Test (ULET) 2026 is being conducted for admission to First Semester of the LL.B. Three-Year Programme (Semester Scheme) for the academic session 2026–27 at University Law College and University Law College Centre-II (SFS) of University of Rajasthan.

### TOTAL NUMBER OF SEATS

- Admission to the LL.B. Three-Year Programme (Semester Scheme) will be offered for following seats:

| | |
|---|---|
| University Law College | 300 + 30* |
| University Law College Centre-II (SFS) | 300 + 30* |
| *10% over and above for EWS in accordance with BCI norms. | |

- Reservation of seats shall be applicable as per the norms of University of Rajasthan, as detailed in the University Prospectus for the academic session 2026–27.

### ELIGIBILITY, AGE & RESERVATION

All the candidates who are applying for Admission to First Semester of LL.B. (Three Year Programme) are advised to ensure their eligibility before filling the application form, as provided in the University Prospectus 2026-27 available on University Website.

**Eligibility to Apply for Admission to First Semester of LL.B. (Three Year Programme):**

a) A candidate may apply for admission to LL.B. I Semester who has secured:
   i. A minimum **45% marks in case of General/EWS/OBC/MBC** category and minimum **40% marks in case of SC/ST/PwD** Category in the aggregate of the qualifying examination (UG/PG).
   ii. A minimum **60% marks** or above in the aggregate of the qualifying examination (UG/PG) in case of students **coming from Universities other than those situated in the State of Rajasthan and without Certificate of Bonafide resident of Rajasthan state.**

**As per provision of O.252,** only such candidates who have passed the Bachelor's or Master's Degree examination with the required marks in aggregate shall be eligible for admission to the LL.B. First semester. **No concession on any ground, whatsoever, is admissible in the said rule for minimum eligibility.**

***Note:*** *"Minimum marks" refers strictly to the actual marks obtained, excluding any concessional marks. No rounding off will be permitted. Even a shortfall of one mark below the prescribed minimum eligibility will result in disqualification of the candidature.*

b) **Qualifying Examination**: A candidate who has taken the Bachelor's (UG) or the Master's Degree (PG) in Arts / Commerce / Science / Engineering /Medicine /Management (of 2 years duration) / Nursing / Agriculture or the Degree of Shastri / Acharya or the Degree of Ayurvedacharya / Ayurveda Brihaspati of this University or

of any other University recognised for the purpose by the Syndicate with full course prescribed for the Degree.

**Note:** *From the Session 1994-95 only candidates who have obtained a Bachelor's Degree of 10+2+3 pattern or those who have passed a one-year pre-POST Graduate/Bridge Course Examination after obtaining a Bachelor's Degree of 10+1+3 or 10+2+2 pattern shall be considered eligible for admission.*

***Provided that*** *it would not apply in the case of such candidates who have passed their graduation examination prior to the academic session of 1991-92 and they will also have the option to clear the Pre P.G./ Bridge Course for seeking admission or appearing in the examination for a higher course in the University of elsewhere.(Academic Council Res. No. 3 dated 18/19 April 94 & Syndicate Res. No. 9 dt, 18.7.94).*

**Explanation:** Candidates who have appeared or are appearing in the **final year/semester of their qualifying examination** are also eligible to apply for admission to the LL.B. (Three-Year Programme). However, their candidature will remain **provisional**, subject to:

- Fulfilling the prescribed eligibility requirements, and
- Submitting the **final mark sheet of the qualifying examination** before the counselling for ULET 2026.

Failure to submit the required mark sheet within the stipulated period will render the candidature **ineligible**.

c) **Age:** As per the Bar Council of India norms.

d) **Concession:** As per University Norms provided in University Prospectus 2026-27.

e) **Reservation:** As per University Norms provided in University Prospectus 2026-27.

## STEP WISE PROCEDURE FOR FILLING THE APPLICATION FORM

### Step I- Application Process

1. The candidates are required to fill out the application form for admission to the LL.B. First Semester (Three-Year Programme) through the official portal of ULET 2026: **https://admissions.univraj.org/uletPanel**
2. A candidate may apply either on the basis of UG or PG marks, as per eligibility.
3. The registration process will be open from **1st May 2026 to 31st May 2026**.
4. Applicants must ensure that their **ABC ID** is generated in advance, as submission of the application form will not be possible without it. Use this link to generate the ABC ID: **https://www.abc.gov.in/**
5. The candidate will be required to fill the personal details, category details, concession/weightage details (if applicable) and address as required in the form. After completion of this process, the candidate will be required to upload the relevant document(s) / certificate (s) (only JPG/JPEG files of maximum 450 kb allowed).

### Step II - Document Upload Requirements

1. During registration, candidates must upload clear and legible scanned copies of the following documents (where applicable), in accordance with the Prospectus of University of Rajasthan for the academic session 2026–27:
   - Recent passport-size photograph and signature

- Mark sheets of Class X and Class XII
- Marksheets of U.G./P.G. (Original or online copies)
- Category certificate
- Domicile Certificate for State of Rajasthan
- Differently-abled (PwD) certificate
- Relevant weightage certificates (if applicable) as per university prospectus such as: National Jamboree, National Service Scheme (NSS), National Cadet Corps (NCC), Sports, Army personnel and their wards, Scouts/Guides/Rover Scouts/Ranger Guides, Mountaineering, Defence personnel, Wards of Kashmiri migrants, Wards of Shaheed (Military and Paramilitary Forces), etc.

2. All the documents must be uploaded in the prescribed format and should be clearly readable:

**a. Photo Requirement**:

- **Upload Passport size photograph** taken on or after **1st January, 2026.**
- Don't wear a cap or goggles while getting the photograph clicked. Candidates who wear spectacles regularly can put them on.
- Computer and Polaroid generated photographs will not be accepted.
- Image Size: Upto 450KB
- Acceptable file formats- JPG/JPEG

**Note:**

- *If the uploaded photograph does not meet the prescribed specifications, the application form will be* ***automatically rejected****.*
- *Submission of a* ***manipulated or digitally altered photograph*** *will lead to rejection of the application and will be treated as the use of* ***unfair means****.*
- *Candidates must carry an* ***additional passport-size photograph*** *(clearly mentioning the candidate's name and the date on which the photograph was taken) to the examination centre. This photograph will be affixed to the attendance sheet.*

**b. Signature Requirement**

- Upload your Signature done by Black Marker Pen on white background.
- Image size: Upto 350 KB
- Acceptable file formats - JPG/JPEG

**c. Thumb Impression Requirement**

i. Upload your thumb impression done with blue ink on white background:
   - Left hand thumb impression for Male.
   - Right hand thumb impression for Female/Transgender.

ii. Image size: Upto 350 KB

iii. Acceptable file formats - JPG/JPEG

**d. Documents Required (Scanned Copies to be uploaded)**

- Upload scanned copies of original/online marksheets of Class X, XII and final year's marksheets of U.G. and P.G. (if applicable).

- Upload latest caste certificate, if applicable. The certificate should not have been issued earlier than **01-06-2025** in case of **OBC/MBC** In case of **EWS candidate(s),** the certificate should be issued on or after **01-04-2026.**
- Upload differently abled (PwD) Certificate, if applicable.
- Upload the Weightage Certificate, if applicable.

***Note on Submission of documents for Weightage Claim:***

- *Candidates claiming weightage must submit a **hard copy of ULET 2026 application form, and the original certificate** in support of their weightage claim, along with a **self-attested photocopy of the same**, to the office of the Coordinator, ULET-2026, Department of Law, University of Rajasthan.*
- *The submission must be made from **1st June 2026 to 4th June 2026,** during the office hours (09:00 a.m. to 02:00 p.m.).*
- *Under no circumstances will the hard copy of the application form or supporting documents for weightage, concession, or disability be accepted online or after the prescribed deadline.*

**Step III – Fee payment**

1. After completion of Step II, the candidate is required to pay the requisite application fee i.e. **Rs. 1400/- for Gen/EWS/OBC/MBC** and **Rs. 1200/- for SC/ST/PwD** candidates.
2. Before proceeding for the payment, thoroughly check all details in the Preview Step.
3. The fee is payable online through **ICICI Bank payment gateway** only. No other mode of payment for fee shall be accepted.
4. Application process will be regarded as complete only when the payment has been received by the University.

**Step IV – Hard Copy of the Application Form**

1. Upon successful payment of the application fee, an online payment invoice will be generated.
2. Applicants are **not required to submit a hard copy** of the online application form to the office. However, they are advised to retain a printed copy of the invoice and the completed application form for their records and for use during the counselling process for admission.

**INFORMATION REGARDING THE ENTRANCE TEST**

1. Admission to the LL.B. First Semester (Three Year Programme) shall be done through counselling based on the final score/merit secured in the ULET-2026 entrance test. Final score will be available after declaration of result as per schedule and shall consist of marks scored in entrance test and weightage mark (s), if applicable.
2. The Entrance Test is tentatively scheduled to be held on **21st June, 2026 (Sunday) from 10:30 AM to 12:30 PM at different centres** in **Jaipur only**. The duration of the test shall be **Two Hours**.
3. The entrance test shall have **150** Multiple Choice Questions (MCQs) carrying one (1) mark each. **There will be no negative marking.**
4. The language of the question paper of the entrance examination will be **English and Hindi.** In case of any discrepancy in the English and Hindi Version of the Question Paper, the English Version shall be treated as valid.

5. The Candidate shall use only Blue/Black Ball point pen during the entrance examination for answer the questions and filling information in the OMR sheet.
6. After completion of entrance test, the candidates can carry Question Booklet along with carbon copy of OMR Sheet with them.
7. The Centre for the Entrance Test (ULET-2026) and Roll number will be given on admit card which will be made available on the university website as per the schedule.
8. No candidate will be permitted to enter the examination hall without the admit card and a valid photo ID card.
9. The candidates will not be allowed to enter in the Examination Hall after 10:00 A.M. on the day of the examination.
10. Carrying Mobile/Smart Phone(s), Bluetooth device(s), Smart Watch etc. in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is found, then action will be taken as per University Rules and State Government law/rules.
11. Totally blind candidates must arrange a scribe on their own and should carry attested copies of the certificate issued in accordance with Section 17 of the Rights of Persons with Disabilities Act 2016. Moreover, attested copies of Marks Sheet/Certificate and Photo Identity of the scribe should be submitted to the Centre Superintendent of the Entrance Test Centre at least one day prior to the entrance test. Scribe should not be in higher class than 10$^{th}$ standard (As per University norms).
12. There shall be a provision for videography of the centre on the date of examination.

**Syllabus, Pattern & Sample Questions**

- The detailed syllabus, pattern and sample question paper will be available on the university website: **https://admissions.univraj.org/uletPanel**

**Answer Key**

1. The University will publish the Answer Key pertaining to ULET-2026 on the University website as per the datewise schedule available on the website.
2. Any objection regarding the **answer key or questions** in ULET–2026 must be submitted **in person**, in the prescribed format, and **only in physical mode**. The objection must be supported by **relevant references or documentary evidence** and submitted to the Coordinator, ULET–2026, Department of Law, University of Rajasthan, in accordance with the **date-wise schedule of ULET-2026**.

**FINAL RESULT AND ADMISSION**

1. Final result of the ULET 2026 will be declared after release of revised answer key, as per the datewise schedule on the university website. The Final Score of the candidate in the result shall be out of 150 marks inclusive of marks secured in the entrance test and weightage, if any.
2. Admission to First Semester LL.B. (Three Year Programme) on the above seats shall be made through counselling based on the Final Score in ULET 2026.
3. If a candidate of higher merit wants to prefer admission in University Law College Centre-II (SFS), he/she may be considered in the merit of University Law College Centre-II (SFS) on a written application made to the Co-ordinator, ULET-2026, Department of Law, University of Rajasthan at the time of counselling of admission for University Law College.

4. In case where two or more candidates obtain same final score in ULET 2026, the preference shall be given to the candidate on the following criteria in descending order:
    i. Who has secured higher score in written test ULET-2026 without any weightage;
    ii. Where the score of the candidates in **point i** are same than the candidate who has secured higher aggregate % marks in qualifying examination UG/PG.
    iii. Where the marks of the candidates in **point ii** are same than the candidate who has secured higher marks in XII standard;
    iv. Where the marks of the candidates in **point iii** are same than the candidate who is older shall be preferred.
5. Reservation, weightage/concession for NCC/NSS/Sports/ Differently Abled and other category shall be given as per University Rules, subject to fulfilment of minimum eligibility criteria.

**Important Points to remember**

1. The applicants are advised to submit their online application well before the last date prescribed in the datewise schedule of ULET–2026. They should not wait until the final day. In case of any network-related issues, the Coordinator, ULET–2026 will not be responsible; the candidate will bear full responsibility.
2. The applicants must fill out the online application form carefully. Before final submission, they should thoroughly verify all entries to ensure accuracy. Further processing by the Coordinator, ULET–2026 will be based solely on the information provided in the application form.
3. If an applicant chooses to fill out the form through an e-Mitra or any other service, they are advised to be physically present while the form is being filled. Do not rely entirely on the service provider. The applicant will be solely responsible for any incorrect information entered in the application.
4. **A one-time correction window** will be available on **1st June and 2nd June 2026** for making correction in the online application form. **No changes will be permitted in category or PwD status** during this period.
5. The applications that are incomplete or submitted without payment of the required fee will be rejected without any correspondence. Mere submission of the application does not imply that it is complete in all respects.
6. The candidates must provide the same mobile number and email ID in the online application form on which they wish to receive examination-related information via SMS or email, and should avoid changing these details as far as possible. If any change is unavoidable, it must be promptly communicated to the Coordinator, ULET–2026. In case the registered mobile number or email ID is changed, becomes inactive, or is affected by network issues resulting in non-receipt of information, the responsibility shall lie solely with the candidate.
7. Providing false, incorrect, or misleading information may result in cancellation of the test result, admission, future examinations, degree, and may also lead to legal action in appropriate cases.
8. **The candidate should not believe in hearsay and must seek information relating to admission only from University Website** or information provided by the office of Coordinator, ULET-2026.

**Coordinator, ULET 2026**

Coordinator
ULET - 2026
University of Rajasthan, Jaipur

# विश्वविद्यालय विधि प्रवेश परीक्षा (यूलेट) 2026
## विस्तृत सूचना

**परीक्षा के बारे में**

यूनिवर्सिटी लॉ एंट्रेंस टेस्ट (यूलेट) 2026 का आयोजन राजस्थान विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय केंद्र -II (स्ववित्तपोषित) में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए एलएल.बी. (तीन वर्षीय पाठ्यक्रम) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु किया जा रहा है।

**कुल सीटों की संख्या**

- एलएल.बी. तीन वर्षीय पाठ्यक्रम (सेमेस्टर योजना) में प्रवेश निम्नानुसार सीटों पर दिया जाएगा:

| | |
|---|---|
| विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय | 300 + 30* |
| विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय केंद्र -II (स्ववित्तपोषित) | 300 + 30* |
| *कुल सीटों के अतिरिक्त 10% सीटें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए Bar Council of India के नियमों के अनुसार आरक्षित हैं। | |

- सीटों का आरक्षण राजस्थान विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगा, जैसा कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 के विश्वविद्यालय प्रॉस्पेक्टस में निर्धारित है।

**पात्रता, आयु एवं आरक्षण**

एलएल.बी. (तीन वर्षीय कार्यक्रम) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन पत्र भरने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें, जैसा कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध विश्वविद्यालय प्रॉस्पेक्टस 2026-27 में निर्दिष्ट है।

**एलएल.बी. (तीन वर्षीय कार्यक्रम) के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन करने की पात्रता:**

a) वह अभ्यर्थी एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन कर सकता/सकती है जिसने:

   i. क्वालीफाइंग परीक्षा (UG/PG) में सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी/एमबीसी श्रेणी के मामले में न्यूनतम 45% अंक और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग श्रेणी के मामले में न्यूनतम 40% अंक प्राप्त किए हों।

   ii. जो अभ्यर्थि राजस्थान राज्य के बाहर स्थित विश्वविद्यालयों से हैं तथा जिनके पास राजस्थान राज्य का बोनाफाइड (मूल निवास) प्रमाण पत्र नहीं है, अहर्ता परीक्षा (Qualifying Examination) UG/PG में **कुल मिलाकर न्यूनतम 60% या उससे अधिक अंक** होना आवश्यक है।

   अध्यादेश 252 के प्रावधान के अनुसार, केवल वे उम्मीदवार ही एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के पात्र होंगे जिन्होंने स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री परीक्षा निर्धारित अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। न्यूनतम पात्रता के लिए उक्त नियम में किसी भी आधार पर कोई छूट स्वीकार्य नहीं है।

   **नोट:** "न्यूनतम अंक" से आशय केवल वास्तव में प्राप्त अंकों से है, इसमें किसी भी प्रकार के रियायती (कंसेशनल) अंक शामिल नहीं होंगे। अंकों का कोई भी राउंडिंग ऑफ (पूर्णांक में बदलना) स्वीकार्य नहीं होगा। निर्धारित न्यूनतम पात्रता से एक अंक भी कम होने पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

b) अहर्ता परीक्षा (Qualifying Examination): इस विश्वविद्यालय या सिंडिकेट द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य विश्वविद्यालय से कला/ वाणिज्य/ विज्ञान/ इंजीनियरिंग/ चिकित्सा/ प्रबंधन (2 वर्षीय)/ नर्सिंग/ कृषि में स्नातक (अंडरग्रेजुएट) या स्नातकोत्तर (ग्रेजुएट) डिग्री या शास्त्री/ आचार्य की डिग्री या आयुर्वेदाचार्य/ आयुर्वेद बृहस्पति की डिग्री प्राप्त करने वाला उम्मीदवार, जिसने डिग्री के लिए निर्धारित पूर्ण पाठ्यक्रम पूरा किया हो।

   **नोट:** सत्र 1994-95 से केवल वे उम्मीदवार प्रवेश के लिए पात्र माने जाएंगे जिन्होंने 10+2+3 पैटर्न की स्नातक डिग्री प्राप्त की हो या जिन्होंने 10+1+3 या 10+2+2 पैटर्न की स्नातक डिग्री प्राप्त करने के बाद एक वर्षीय पूर्व-स्नातकोत्तर/ब्रिज कोर्स परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

**परन्तुक** कि यह उन उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगा जिन्होंने 1991-92 के शैक्षणिक सत्र से पहले स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की है और उनके पास विश्वविद्यालय या अन्य किसी संस्थान में उच्च पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने या परीक्षा में बैठने के लिए प्री-पीजी/ब्रिज कोर्स उत्तीर्ण करने का विकल्प भी होगा। (शैक्षणिक परिषद संकल्प संख्या 3 दिनांक 18/19 अप्रैल 94 और सिंडिकेट संकल्प संख्या 9 दिनांक 18.7.94)।

**स्पष्टीकरण:** जो अभ्यर्थी अपनी अर्हता परीक्षा (Qualifying Examination): के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में उपस्थित हो चुके हैं या उपस्थित हो रहे हैं, वे भी एलएल.बी. (तीन वर्षीय कार्यक्रम) में प्रवेश हेतु आवेदन करने के पात्र हैं। तथापि, उनकी अभ्यर्थिता निम्न शर्तों के अधीन **अस्थायी (प्रोविजनल)** रहेगी:

- निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करना, तथा
- यूलेट 2026 की काउंसलिंग से प्रक्रिया से पूर्व अर्हता परीक्षा की अंतिम अंकतालिका प्रस्तुत करना। निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक अंकतालिका प्रस्तुत न करने पर अभ्यर्थिता अमान्य मानी जाएगी।

c) **आयु:** बार काउंसिल ऑफ इंडिया के मानदंडों के अनुसार।
d) **रियायत:** विश्वविद्यालय प्रॉस्पेक्टस 2026-27 में निर्दिष्ट विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार।
e) **आरक्षण:** विश्वविद्यालय प्रॉस्पेक्टस 2026-27 में निर्दिष्ट विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार।

**आवेदन पत्र भरने की चरणबद्ध प्रक्रिया**

**स्टेप I - आवेदन प्रक्रिया**

1. अभ्यर्थियों को एल.एल.बी. प्रथम सेमेस्टर (तीन वर्षीय कार्यक्रम) में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र यूलेट 2026 के अधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से भरना होगा।

   **वेबसाइट : https://admissions.univraj.org/uletPanel**

2. पंजीकरण प्रक्रिया 01 मई 2026 से 31 मई 2026 तक खुली रहेगी। आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका ABC ID पहले से बना हुआ हो, क्योंकि इसके बिना आवेदन पत्र जमा करना संभव नहीं होगा। ABC ID बनाने के लिए इस लिंक का उपयोग करें: **https://www.abc.gov.in/**

**स्टेप II – दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकताएँ**

1. पंजीकरण के दौरान, अभ्यर्थियों को निम्नलिखित दस्तावेज़ों की स्पष्ट एवं पढ़ने योग्य स्कैन की हुई प्रतियाँ (जहाँ लागू हो) अपलोड करनी होंगी, जैसा कि राजस्थान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2026–27 के प्रॉस्पेक्टस में निर्दिष्ट है:
   i. हाल का पासपोर्ट आकार का फोटो एवं हस्ताक्षर
   ii. कक्षा 10 एवं कक्षा 12 की अंकतालिकाएँ
   iii. स्नातक/स्नातकोत्तर (U.G./P.G.) की अंकतालिकाएँ (मूल या ऑनलाइन प्रतियाँ)
   iv. जाति प्रमाण पत्र
   v. राजस्थान राज्य का मूल निवास प्रमाण पत्र
   vi. दिव्यांग (PwD) प्रमाण पत्र
   vii. वेटेज (अतिरिक्त वरीयता) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), विश्वविद्यालय प्रॉस्पेक्टस के अनुसार, जैसे: नेशनल जम्बूरी, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC), खेल, सेना कर्मी एवं उनके आश्रित, स्काउट्स/गाइड्स/रोवर स्काउट्स/रेंजर गाइड्स, पर्वतारोहण, रक्षा कर्मी, कश्मीरी प्रवासियों के आश्रित, शहीद (सैन्य एवं अर्धसैनिक बलों) के आश्रित आदि।

2. **सभी दस्तावेज़ निर्धारित प्रारूप में अपलोड किए जाने चाहिए और स्पष्ट रूप से पढ़ने योग्य होने चाहिए:**
   **a. फोटो से संबंधित आवश्यकताएँ:**
   - 1 जनवरी, 2026 या उसके बाद ली गई पासपोर्ट आकार की फोटो अपलोड करें।
   - फोटो खिंचवाते समय कैप या गॉगल्स न पहनें। जो अभ्यर्थी नियमित रूप से चश्मा पहनते हैं, वे चश्मा लगा सकते हैं।
   - कंप्यूटर या पोलारॉइड द्वारा बनाई गई फोटो स्वीकार नहीं की जाएगी।
   - फोटो का साइज़ : अधिकतम 450KB तक होना चाहिए।

- स्वीकार्य फाइल फॉर्मेट: JPG/JPEG

**नोट:**

- यदि अपलोड की गई फोटो निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है, तो आवेदन पत्र स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा।
- किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ या डिजिटल रूप से बदली गई फोटो जमा करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा और इसे अनुचित साधनों का उपयोग माना जाएगा।
- अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक अतिरिक्त पासपोर्ट आकार की फोटो (जिस पर अभ्यर्थी का नाम और फोटो खींचे जाने की तिथि स्पष्ट रूप से लिखी हो) साथ लानी होगी। यह फोटो उपस्थिति पत्रक पर चिपकाई जाएगी।

**b. हस्ताक्षर से संबंधित आवश्यकताएँ:**

- सफेद पृष्ठभूमि पर काले मार्कर पेन से किए गए हस्ताक्षर अपलोड करें।
- फोटो का साइज़: अधिकतम 350KB तक होना चाहिए।
- स्वीकार्य फाइल फॉर्मेट: JPG/JPEG

**c. अंगूठे के निशान (Thumb Impression) से संबंधित आवश्यकताएँ:**

i. सफेद पृष्ठभूमि पर नीली स्याही से किया गया अंगूठे का निशान अपलोड करें:
   - पुरुष के लिए बाएँ हाथ का अंगूठा
   - महिला/ट्रांसजेंडर के लिए दाएँ हाथ का अंगूठा

ii. फोटो का साइज़: अधिकतम 350KB तक होना चाहिए।

iii. स्वीकार्य फाइल फॉर्मेट: JPG/JPEG

**d. आवश्यक दस्तावेज़ (स्कैन की हुई प्रतियाँ अपलोड करें):**

- कक्षा 10, कक्षा 12 तथा स्नातक (U.G.) एवं स्नातकोत्तर (P.G.) के अंतिम वर्ष की अंकतालिकाओं (मूल/ऑनलाइन) की स्कैन की हुई प्रतियाँ अपलोड करें।
- नवीनतम जाति प्रमाण पत्र अपलोड करें (यदि लागू हो)। OBC/MBC के लिए प्रमाण पत्र 01-06-2025 से पहले जारी नहीं होना चाहिए। EWS अभ्यर्थियों के लिए प्रमाण पत्र 01-04-2026 या उसके बाद जारी होना चाहिए।
- दिव्यांग (PwD) प्रमाण पत्र अपलोड करें (यदि लागू हो)।
- वेटेज (अतिरिक्त वरीयता) प्रमाण पत्र अपलोड करें (यदि लागू हो)।

**वेटेज दावा हेतु दस्तावेज़ जमा करने संबंधी टिप्पणी:**

- **वेटेज** का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को यूलेट 2026 का आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी तथा वेटेज से संबंधित मूल प्रमाण पत्र के साथ उसकी स्वयं सत्यापित (self-attested) प्रति कोऑर्डिनेटर यूलेट-2026 के कार्यालय विधि विभाग, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में जमा करनी होगी।
- यह दस्तावेज़ 1 जून 2026 से 4 जून 2026 तक, कार्यालय समय (सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक) के बीच जमा करना अनिवार्य है।
- किसी भी स्थिति में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी या वेटेज, रियायत अथवा दिव्यांगता से संबंधित दस्तावेज़ **ऑनलाइन या निर्धारित अंतिम तिथि के बाद स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

**स्टेप III - शुल्क भुगतान**

1. स्टेप II पूर्ण करने के बाद, अभ्यर्थी को निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा, जो इस प्रकार है: **General/EWS/OBC/MBC वर्ग के लिए ₹1400/- और SC/ST/PwD वर्ग के लिए ₹1200/-**
2. भुगतान करने से पहले, प्रीव्यू चरण में सभी विवरणों को अच्छी तरह जांच लें।
3. शुल्क का भुगतान केवल **ICICI बैंक के पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन** किया जा सकता है। किसी अन्य माध्यम से शुल्क स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. आवेदन प्रक्रिया तभी पूर्ण मानी जाएगी जब विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क प्राप्त हो जाएगा।

**स्टेप IV - आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी**

1. आवेदन शुल्क का सफल भुगतान होने पर एक ऑनलाइन भुगतान चालान (इनवॉइस) उत्पन्न होगा।
2. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन **आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी कार्यालय में जमा करने की आवश्यकता नहीं है।** हालांकि, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे भुगतान चालान तथा पूर्ण किए गए आवेदन पत्र की प्रिंटेड कॉपी अपने रिकॉर्ड के लिए और प्रवेश काउंसलिंग के दौरान उपयोग हेतु सुरक्षित रखें।

**प्रवेश परीक्षा संबंधी जानकारी**

1. एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर (तीन वर्षीय कार्यक्रम) में प्रवेश, यूलेट 2026 में प्राप्त अंतिम अंक/मेरिट के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा। अंतिम अंक परिणाम घोषित होने के बाद उपलब्ध होंगे, जिनमें प्रवेश परीक्षा के अंक तथा वेटेज अंक (यदि लागू हो) शामिल होंगे।
2. प्रवेश परीक्षा अस्थायी रूप से **21 जून, 2026 (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे** तक **जयपुर के विभिन्न केंद्रों** पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की अवधि **दो घंटे** होगी।
3. प्रवेश परीक्षा में **150 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs)** होंगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। **इसमें कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।**
4. प्रश्न पत्र की भाषा **हिंदी एवं अंग्रेज़ी** होगी। यदि हिंदी और अंग्रेज़ी संस्करण में कोई अंतर होता है, तो अंग्रेज़ी संस्करण को मान्य माना जाएगा।
5. अभ्यर्थी को प्रश्नों के उत्तर देने तथा OMR शीट में जानकारी भरने के लिए केवल नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन का उपयोग करना होगा।
6. परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थी प्रश्न पुस्तिका तथा OMR शीट की कार्बन कॉपी अपने साथ ले जा सकते हैं।
7. प्रवेश परीक्षा (यूलेट - 2026) का केंद्र तथा रोल नंबर एडमिट कार्ड में दिया जाएगा, जो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निर्धारित समयानुसार उपलब्ध होगा।
8. बिना एडमिट कार्ड और वैध फोटो पहचान पत्र के किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।
9. परीक्षा के दिन प्रातः 10:00 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
10. परीक्षा कक्ष में मोबाइल/स्मार्टफोन, ब्लूटूथ डिवाइस, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि कोई आपत्तिजनक सामग्री पाई जाती है, तो विश्वविद्यालय के नियमों एवं राज्य सरकार के कानून/नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
11. पूर्णतः दृष्टिहीन अभ्यर्थियों को स्वयं स्क्राइब की व्यवस्था करनी होगी तथा Rights of Persons with Disabilities Act 2016 की धारा 17 के अनुसार जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति साथ लानी होगी। साथ ही, स्क्राइब की अंकतालिका/प्रमाण पत्र एवं फोटो पहचान पत्र की सत्यापित प्रतियाँ प्रवेश परीक्षा केंद्र के अधीक्षक को परीक्षा से कम से कम एक दिन पूर्व जमा करनी होंगी। स्क्राइब की शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा से अधिक नहीं होनी चाहिए (विश्वविद्यालय मानदंड अनुसार)।
12. परीक्षा के दिन केंद्र पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी की जाएगी।

**पाठ्यक्रम, पैटर्न एवं नमूना प्रश्न**

- विस्तृत पाठ्यक्रम, परीक्षा पैटर्न एवं नमूना प्रश्न पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://admissions.univraj.org/uletPanel** पर उपलब्ध होंगे।

**उत्तर कुंजी (Answer Key)**

1. विश्वविद्यालय, यूलेट - 2026 से संबंधित उत्तर कुंजी को वेबसाइट पर निर्धारित तिथि अनुसार प्रकाशित करेगा।
2. यूलेट - 2026 की उत्तर कुंजी या प्रश्नों के संबंध में कोई भी आपत्ति केवल निर्धारित प्रारूप में, व्यक्तिगत रूप से (ऑफलाइन) ही प्रस्तुत की जा सकती है। आपत्ति के साथ संबंधित संदर्भ या दस्तावेज़ी साक्ष्य संलग्न करना अनिवार्य होगा तथा इसे कोऑर्डिनेटर यूलेट-2026 के कार्यालय विधि विभाग, राजस्थान विश्वविध्यालय, जयपुर को निर्धारित तिथि अनुसार जमा करना होगा।

**अंतिम परिणाम एवं प्रवेश**

1. यूलेट 2026 का अंतिम परिणाम संशोधित उत्तर कुंजी जारी होने के बाद, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निर्धारित तिथि अनुसार घोषित किया जाएगा। अभ्यर्थी का अंतिम स्कोर 150 अंकों में होगा, जिसमें प्रवेश परीक्षा के अंक तथा वेटेज अंक (यदि लागू हो) शामिल होंगे।
2. एल.एल.बी. प्रथम सेमेस्टर (तीन वर्षीय कार्यक्रम) में प्रवेश, यूलेट 2026 के अंतिम स्कोर के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से किया जाएगा।
3. यदि उच्च मेरिट वाला कोई अभ्यर्थी विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय केंद्र -II (स्ववित्तपोषित) में प्रवेश लेना चाहता है, तो वह काउंसलिंग के समय कोऑर्डिनेटर यूलेट-2026, विधि विभाग, राजस्थान विश्वविध्यालय, जयपुर को लिखित आवेदन देकर विश्वविद्यालय विधि महाविद्यालय केंद्र -II (स्ववित्तपोषित) की मेरिट में विचार हेतु अनुरोध कर सकता/सकती है।
4. यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के यूलेट 2026 में अंतिम अंक समान होते हैं, तो निम्नलिखित क्रम में प्राथमिकता दी जाएगी:
   i. वह अभ्यर्थी जिसने बिना किसी वेटेज के यूलेट 2026 की लिखित परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त किए हों;
   ii. यदि उपरोक्त अंक समान हों, तो वह अभ्यर्थी जिसने क्वालीफाइंग परीक्षा (UG/PG) में अधिक कुल प्रतिशत प्राप्त किया हो;
   iii. यदि उपरोक्त भी समान हो, तो वह अभ्यर्थी जिसने 12वीं कक्षा में अधिक अंक प्राप्त किए हों;
   iv. यदि उपरोक्त सभी समान हों, तो अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।
5. आरक्षण, वेटेज/रियायत, आदि विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार दिए जाएंगे, बशर्ते न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरे किए गए हों।

**महत्वपूर्ण बिंदु (याद रखने योग्य)**

1. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ULET 2026 के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अंतिम तिथि से पहले ही ऑनलाइन आवेदन जमा करें। अंतिम दिन तक प्रतीक्षा न करें। किसी भी नेटवर्क संबंधी समस्या के लिए ULET–2026 के समन्वयक जिम्मेदार नहीं होंगे; इसकी पूरी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
2. अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरना चाहिए। अंतिम सबमिशन से पहले सभी प्रविष्टियों को अच्छी तरह जांच लें। आगे की प्रक्रिया केवल आवेदन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर ही की जाएगी।
3. यदि कोई अभ्यर्थी ई-मित्र या किसी अन्य सेवा के माध्यम से फॉर्म भरता है, तो उसे फॉर्म भरते समय स्वयं उपस्थित रहना चाहिए। सेवा प्रदाता पर पूरी तरह निर्भर न रहें। आवेदन में दी गई किसी भी गलत जानकारी के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
4. **ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में सुधार के लिए एक बार सुधार का अवसर 1 जून और 2 जून 2026 को उपलब्ध होगा।** इस अवधि में जाति/श्रेणी (Caste/Category) या (PwD स्थिति में कोई परिवर्तन अनुमत नहीं होगा।
5. अपूर्ण आवेदन या बिना निर्धारित शुल्क के जमा किए गए आवेदन बिना किसी सूचना के निरस्त कर दिए जाएंगे। केवल आवेदन जमा करना यह नहीं दर्शाता कि वह सभी प्रकार से पूर्ण है।
6. अभ्यर्थियों को वही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी आवेदन पत्र में दर्ज करनी चाहिए, जिस पर वे परीक्षा संबंधी सूचना प्राप्त करना चाहते हैं, और इन्हें यथासंभव बदलने से बचें। यदि परिवर्तन आवश्यक हो, तो तुरंत ULET–2026 के समन्वयक को सूचित करें। पंजीकृत मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी के बदलने, निष्क्रिय होने या नेटवर्क समस्या के कारण सूचना न मिलने की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।
7. गलत, भ्रामक या असत्य जानकारी देने पर परीक्षा परिणाम, प्रवेश, भविष्य की परीक्षाएँ एवं डिग्री रद्द की जा सकती हैं, तथा आवश्यक होने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।
8. **अभ्यर्थी किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें और प्रवेश से संबंधित जानकारी केवल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट या ULET-2026 के समन्वयक कार्यालय से ही प्राप्त करें।**

**कोऑर्डिनेटर, यूलेट 2026**